पता ही है आप की कांस्टिचुऐंसी पेहवा है। आपको पता है कि उस रूट पर चलने वाली बसों की हालत क्या है। स्टेयरिंग पर दो दो आदमी बैठते है। एक स्टेयरिंग पर बैठता है और दूसरा इंजन पर हाथ रख लेता है क्योंकि उन्हें यह डर रहता है कि कहीं गेयर बाक्स वगैरह नीचे न गिर जाएं। खिडकियां जो है वे गमियों में खुलती नहीं और सर्दियों में बन्द नहीं होती। बुरी तरह से बसें टूटी फुटी है। कील बाहर को निकले पडे है और गरीब लोगों के कपडे फाडे जा रहे है। सीटस टूटी फुटी पडी है। मेरा कहने का मतलब यह था कि बसों की मेन्टेनैस तो कुछ है नहीं और उधर से किराये भाडे में वृद्धि की गयी है। कितने अफसोस की बात है कितनी भार्म की बात है हमारी सरकार के लिये। दूसरी तरफ आर्डिनैंस भी जारी कर दिया। (विघ्न) यह बात, भाई भजन लाल जी आपने तो खुद ही फरमाया है कि हमारी पार्टी तो एक समुद्र है इसमें जितने भी मैम्बर्ज चाहें वे समा सकते है। आपको आन्ध्रप्रदे ा का पता है वहां पर क्या हुआ? 6 महीने के बाद चुपके से इन्दिरा जी ने चीफ मिनिस्टर की छुटटी करके दूसरा चीफ मिनिस्टर बना दिया। भजन लाल जी आप भी सब सो के उठोगे तो अखबारों में पढोगे कि Bhajan Lal is replaced (हंसी व भाोर)।

चौधरी भजन लालः डा0 साहब, मैं आपको बता दूं कि अगर भजन लाल चला गा तो आप भी नहीं बन सकते। (ाोर)

डा0 मंगल सैनः भजन लाल जी, हमने तो कभी इस बात की ख्वाहि ा भी नहीं रखी। हमने तो कभी आपकी तरह दोस्तों से धोखा भी नहीं किया और न ही हमने पार्टी बदली है। हम तो जहां पहले खडे थे वहीं पर खडे है। जनता पार्टी के आगे हमने तो भारतीय जोड दिया है। स्पीकर साहब, पहले तो ये इंदिरा जी को कहा करते थे कि पहले नसबन्दी फिर सांस बन्दी। (ाोर)

चौधरी भजन लालः यह गलत बात है। यह बात बिल्कुल निराधार है।

डा0 मंगल सैनः गलत नहीं है ठीक है। 5 सितम्बर 1979 को स्टेज पर गुडगांव में जो स्पीच आपने दी थी उसको पढकर देखो। बाद में कहने लगे कि माता जी हम तो रूठ गये थे। आपके बालक है अब लौट कर अपने घर आ गये है। हमें भारण दीजिये। पर स्पीकर साहब, न जाने बालक कब रूठ जाए लेकिन हमें इससे क्या लेना है आप का मां बेटे का झगडा है लेकिन यह जो ड्रामा रचा रखा है यह अच्छी बात नहीं है। मेरा कहने का मतलब यह था कि यह जो जनता के उपर फजूल का बोझा डाला जा रहा है यह उचित नहीं है। गरीब लोग इससे पिस रहे है। गरीब किसानों को अनुसूचित जातियों के लोगों को छोटे वर्गो के लोगों को सरकार की तरफ से कुछ राहत मिलनी चाहिए। लेकिन ये कहते है कि साहब हमको पैसा चाहिये। किस बात के लिये चाहिये। बोर्डो के चेयरमैनों को तनख्वाह देने के लिए बोर्डो

के कारपोरे ानज के चेयरमैन बढवाने के लिए पैसा चाहिये। उनको भत्ता देने के लिए पैसा चाहियें। (ोर)

चौधरी भजन लालः डा0 साहब आप अपने वक्त को याद करो।

डा0 मंगल सैनः हमारा वक्त तो टेम्पोरेरी था, भजन लाल जी, हम उसको क्या याद रखें। चौधरी देवीलाल जी को जल्दी से जाना पडा। (ोर) अगर आप हमारी वजारत में भाामिल न होते तो हमारी वजारत बडे आराम से चलती।

चौधरी भजन लालः जब आपको डिसमिस किया गया, तो आपकी हमदर्दी में मुझे आना पडा।

डा0 मंगल सैनः भजन लाल जी हमें इस कुर्सी का कोई अरमान नहीं है मगर आप जैसे दोस्तों से भी दगा कर गये हम नहीं करते। तो मैं स्पीकर साहब कहने जा रहा था कि सरकार को नाथपा झाकडी प्रोजैक्ट के लिये वर्ल्ड बैंक से लोन लिये बिना काम चलाना कठिन होगा लेकिन जो आपने यह मंत्रियों की फौज इक्टठी कर रखी है उसको कम कीजिये और तभी खर्चा कम होगा और स्टेट का भी भला होगा। अब आपके पास दल बदलू बहुत पंहुच गये है। आपको किसी का डर तो रहा नहीं, उनको आप यह कहो कि यह चेयरमैन लगने वाले चक्कर छोडो आपको हम इधर ले आये है। आप सेफ हो, इसलिये आप हमारी मदद के लिये तैयार रहो। आप उन्हें समझाओं कि इस तरह करने से स्टेट का

पैसा यूं ही बरबाद होगा। इधर तो इनका ध्यान जाता नहीं है और दूसरी तरफ गरीब हरियाणा की जनता को बोझ के नीचे दबाने जा रहे है। इन अलफाज के साथ यह कहता हुआ कि हमारे गवर्नर महोदय ने जो यह आर्डिनेंस बेवाजिब मौके पर गलत समय पर और गल्त प्रैसिडेंट कायम करते हुए इ ा किया है मैं उसका अपने भाब्दों पर इम्फेसिज डालते हुए विरोध करता हूं और आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं।

बैठक का समय बढाना

श्री अध्यक्षः साहेबान, अभी हाउस के सामने विजनैंस काफी है और अगर हाउस की सहमति हो तो हाउस का समय एक घण्टा बढा दिया जाए।

आवाजें: ठीक है जी, बढा दिया जाए।

श्री अध्यक्षः बैठक का समय एक घंटे के लिये बढाया जाता है।

पंजाब मोटर स्पिरिट (टैक्ससे ान आफ सेल्ज) हरियाणा अमैंडमैंट बिल 1982 (पुनरराम्भ)

डा0 भीम सिंह दहिया (रोहट): अध्यक्ष महोदय, डाक्टर मंगल सैन जी ने बिल के विरोध में जो प्रस्ताव यहां सदन के सम्मुख रखा है। मैं उसका समर्थन करने के लिये खडा हुआ हूं।

इसलिये नहीं कि चूंकि हम लोग विरोधी दल से संबंधित है इसलिये हमें इसका विरोध करना ही है। बल्कि इस बिल के विरोध करने के बडे अच्छे कारण है जिनकी वजह से हमें इस प्रस्ताव का समर्थन करना पड रहा है। गवर्नर साहब को इस समय जबकि असेम्बली का सै ान चल रहा है। इस आर्डिनेंस को जारी नहीं करना चाहिये था। ऐसा करके उन्होंने इस हाउस का अपमान किया है। डैमोक्रेसी का अपमान किया है। अगर सरकार को किसी काम के लिए पैसा चाहिये होता है तो सरकार उसके लिये कोई न कोई कारण बताती है। कि इस काम के लिये हमें पैसा चाहिये। लोगों की भलाई के लिये पैसा चाहिये। किसी डिवैल्पमैंट के काम के लिये पैसा चाहिये लेकिन इस बिल के अन्दर ऐसा कोई कारण नहीं बताया गया है कि सरकार को इस कारण से पैसे की आव यकता है। बिना वजह लोगों पर टैक्स लगाना यह कहां तक उचित समझा जा सकता है ? दूसरी बात यह है कि जो कैबिनेट फैसला करती है, उनके पास तो सरकार द्वारा दी हुई कारें होती हैं उन्हें तो किसी किस्म की दिक्कत महसूस नहीं हेाती क्योंकि कारों में पैट्रोल खर्च होता है वह सरकार की तरफ से दिया जाता है और फिर ये ऐक्युअल खर्चा भी कलमे करते हैं। दूसरी तरफ हम अपोजी ान के एम.एल.एज. हैं। अगर हम अपनी कारों में भी आएं तो फिर भी हमें रेलवे का किराया दिया जाता है। अगर इन बातों को भी टच न किया जाए, मैं आपको बताता हूं कि जो हरियसाणा सरकार के बड़े बड़े अफसर हैं, वे भी गाड़ियों में जाते हैं, उनको कार के हिसाब से भाड़ा मिलता है। जहां तक किसानों

का सम्बन्ध है वे बेचारे सारा खर्चा अपने पास से ही करते हैं। अगर ट्रैक्टर चलाएंगे तो उसमें डीजल पड़ेगा और अगर ट्यूबवेलज चलाते हैं तो उन्हें बिजली की दर देनी पड़ती है जिससे बेचारा किसान पहले ही हर तरफ से सरकारी बोझ` दब ताजात है ओर अब दूसरी तरफ इस आर्डिनैस के जरिये इस बिल के जरिये ही बोझ के नीचे दबा हुआ है। इसलिए किसानों के ऊपर और ज्यादा बोझा न डाला जाए। सरकार के पास पैसा इकट्ठे करने के और बहुत से साधन है। जो 46वीं अमैन्डमैंट की गयी है, उस बारे में भी यह कहा गया है कि इस से सरकार को सालाना 100 करोड़ रूपये की आमदनी होगी फिर हमें समझ नहीं आता कि यह टैक्स क्यों बढ़ाया जा रहा है ? इन कारणों की वजह से मै। अपनी तरफ से तथा अपनी पार्टी की तरफ से डाक्टर मंगल सैन जी ने जो प्रस्ताव पे ज्ञ किया है, उसका समर्थन करता हुआ तथा आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं।

13.00 बजे

श्री भले राम (बड़ौदा अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब, आज सारा दे ा जानता है कि हरियाणा कि गति से प्रगति कर रहा है। हमारे साथी हर रोज मांग करते हैं कि सड़कें, बिजली और पानी वगैरह की सहूलियत दी जाए। इसलिए ऐसी सुविधाएं देने के लिए अगर हमारी सरकार थोडा बहुत टैक्स बढ़ाती है तो कोई बड़ी बात नहीं है। आज डा. साहब कह रहे थे कि हरियाणा में किस ढंग से लूट खसूट हो रही है। उनके समय में भी

इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट बने थे जो बाद में चौधरी देवी लाल ने तोड़ दिये थे। डा. साहब को याद होना चाहिए कि उस समय किस तरीके से चेयरमैन लगाये गये थे। (ाोर) आखिर मुख्य मंत्री जी ने सारी स्टेट की तरक्की के बारे में देखना है, यह कोई दुकान थोड़े ही है। विकास कार्य करने के लिए टैक्स का लगाना भी बहुत जरूरी है। आज लोग ट्यूबवैलन कनैक ान के लिए और घरेलू कनैक ान के लिए बिजली की मांग करते हैं, बसों में एम.एल.एज. की चलते हैं इसलिए अगर थोडा बहुत टैक्स बढ़ा दिया है तो यह कोई बुरी बात नहीं है। यह कोई ज्यादा टैक्स नहीं है। आप दूसरी स्टेटस कमा मुकाबिला करके देखें। आप दिल्ली और पंजाब का ही मुकाबिला कर लें इनसे फिर भी हरियाणा में टैक्स कम ही हैं। जब आप यह मांग करते हैं कि हमें फलां चीज चाहिए तो उसके लिए टैक्स तो लगाना ही पडेग। इन भाब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

श्री मनफूल सिंह (असन्ध अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि इस बिल के जरिये जो यह टैक्स बढ़ाने जा रहे है, यह गल्त है। किसान और मजदूरों पर टैक्स लगाने की बजाए आप मिनिस्टरों, एम.एल.एज. और चेयरमैंनों की तनखाहें कम करें। गरीब आदमियों को तो वैसे ही मारा जा रहा है। जैसे स्वीपर कम चौकीदार व माली कम चौकीदार इतनी मेहनत का काम करते हैं लेकिन तनखाहें उन्हें एक पोस्ट की ही देते हैं और वह भी 10–15 दिन लेट देते है। मैं इस हक मे हूं

कि जो टूरिजम कम्पलैक्स हैं उनमें रेट बढ़ा कर जो कमी है वह पूरी की जाए ताकि गरीब लोगों पर बोझ न पड़े।

श्री भागी राम (एलनाबाद अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब, डा. मंगल सैन जी ने जो प्रस्ताव रखा है मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। सै न भ्रारू होने से पहले जिस प्रकार से इन्होंने डीजल, पैट्रोल, मिट्टी के तेल पर टैक्स बढ़ाए हैं और बसेां का किराया बढ़ाया है, यह हमारे प्रदे ा के किसान, मजदूर, हरिजन और कमजोर वर्ग के ऊपर बहुत बड़ा बोझ डाला गया है। किसान लोग आज भी डीजल खरीदने की हैसियत में नहीं है। और अब से पहले जो बसों का किराया था वह भी देने के काबिल नहीं। लोग जब इतनी मजबूरी में हैं तो यह टैक्स नहीं बढ़ाने चाहिए थे। भले राम जी दस दिन पहले इधर बैठ कर खूब गूंजा करते थे लेकिन आज कहते हैं कि ये टैक्स लगने चाहिए। भले राम जी यहां रैस्ट हाउस में बैठ कर आपको कुछ पता नहीं चलेगा आप बड़ौदा में जाकर लोगों से पूछें कि उनकी क्यार हालत है ?

श्री अध्यक्ष: भागी राम जी आप चेयर को ऐड्रैस करें।

श्री भागी राम: अध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था कि अगर अच्छे कामों के लिए पैसा चाहिए तो उसको इकट्ठा करने के बहुत तरीके हैं। आप यह ही देखें कि आज कितने मिनिस्टर हैं। हमारे सिरसा जिला के तीन मिनिस्टर है। कोई भी दिन ऐसा

नहीं जाता जिस दिन सिरसा रैस्ट हाउस में सारे अफसरों की लाइन न बनी रहती हो। वे बेचारे परे ाान रहते हैं और इन मिनिस्टरों का कुछ नहीं बिगड़ता। ये रोजाना वहां बैठे रहते हैं। इनके अलावा कभी चीफ मिनिस्टर साहब चले जाते हैं और कभी भाम ोर सिंह जी चले जाते है। ये कभी किसी की भाादी में जाते हैं, कभी किसी के लड़का हो गया तो भी जाते हैं, किसी ने दुकान का मुहूर्त करना है तो भी जाते है। इन प्राइवेट कामों के लिए भी ये सरकार से टी.ए.डी.ए. लेते हैं। अध्यक्ष महोदय, आप बड़े समझदार हैं, आप भजन लाल जी से कहें कि वे एक तो ये मिनिस्टरों की फौज छोटी कर लें और दूसरे अन्य खर्चों में कमी करें। इन्होंने जो चेयरमैन बना रखे है उनकी गाड़ियां बाजार से आलू, टमाटर और प्याज लाने के लिए इस्तेमाल की जाती है। अगर किसी को दो पैस की एक माचिस भी चाहिए तो भी गाड़ी पर ही लाई जाती है। इसलिए अध्यक्ष महोदय, सरकार जो नाजायज खर्चे खुद करवा रही है, उनको कम करे। ये अपनी तनखाह में कमी कर लें और टी.ए.डी.ए. न लें। अगर भजन लाल जी की मिनिस्टरी यह अनाउंस कर दे कि हम भी अपनी तनखाह नहीं लेंगे तो बे ाक ये टैक्स लगा लें। अध्यक्ष महोदय, इन्होंने तनखाह तो क्या छोडनी है ये तो उस दिन का भी टी.ए.डी.ए. लेते हैं जब ये किसी के लड़के के नामकरण पर जाते है। अध्यक्ष महोदय, जो प्रस्ताव डा. मंगल सैन जी ने रखा है, मैं उसका समर्थन करता हूं और भजन लाल जी से भी एक अपील करता हूं कि इस फौज को छोटा करो और यह जो टैक्स लगाया है, इसको

वापिस लो ताकि लोगों का भला हो सके। चीफ मिनिस्टरी हमे ाा नहीं रहती और इन मिनिस्टरों ने भी हमे ाा नहीं रहना। यहां पर नेहरा साहब बैठे हैं, ये सिरसा के हैं। ये मुझे कहा करते थे कि हम तो मजबूर हैं हम कुछ नहीं कह सकते, आप ही कुछ बात कहो (ाोर)। ये कहा करते थे कि सिारसा के साथ इतनी ज्यादती हो रही है, हम तो मजबूर है, कुछ कह नहीं सकते इसलिए आप ही कहा करो। (ाोर)

ि ाक्षा राजय मंत्री (श्री जगदी ा नेहरा): अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य श्री भागी राम जी ने ऐसी बात कही है जिसका अंडर कंसिड्रे ान मामले से कोई संबंध नहीं है। हाउस में यह चर्चा चल रही है कि सेल्ज टैकस लगाया जाए या नहीं लगाया जाए, लगाया जाए तो किनता लगाया जाए अगर नहीं लगाया जाए तो क्यों नहीं लगाया जाए ? मेरे माननीय साथी ने इस तरह की बात कही है जो सदन में भाोभा नहीं देती। (ाोर)

श्री भागी रामः स्पीकर साहब, यह मेरे से गलती हो गई कि मुझे प्राइवेट बात नहीं कहनी चाहिए थी वह मैंने कह दी। वह बात मैं आयंदा नही बताऊंगा।

श्री निर्मल सिंह (नग्गल): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा सरकार का ध्यान दि पांजब मोटर स्पिरिट (टैक्से ान आफ सेल्ज) हरियाणा अमैंडमैंट बिल 1982 के कालम नम्बर 2 की तरफ दिलाना चाहता हूं। अध्यक्ष महोदय, इसमें कोई भाक नहीं कि

मौजूदा सरकार, श्रीमति इंदिरा गांधी जी की सरकार, किसानों के हित के लिए बहुत कुछ कर रही ह। आज किसानो की हाल पिछली सरकार के मुकाबले में बहुत बेहतर हैं। किसानों को तरह तरह के प्रोग्रामों के द्वारा पूरी इमदाद देने की कोि ा ा की जा रही है। अध्यक्ष महोदय, अभी थोड़ी देर पहले आई.पी.एम. साहब ने बताया था कि एस.वाई.एल. का कार्य दो साल में कम्पलीट कर लिया जाएगा। अध्यक्ष महोदय, एस.वाई.एल. नहर हरियाणा के किसानों की जान है। लेकिन बहुत अफसोस की बात है किसानों के गुण गाने वाले चौधरी देवी लाल जी ने आज यह कहा कि एस. वाई.एल. नहर खोदने की कोई जरूरत नहीं है। (ाोर)

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। हाउस में मिस कोट किया जा रहा है। चौधरी देवी लाल जी ने ऐसा नहीं कहा। उनके कहने का मतलब यह था कि अगर आपके पास इतनी कैंपेसिटी अवेलेबल है कि जो पानी हरियाणा के हिस्से में आया है उसको लाया जा सकता है फिर चैनल खोदने का क्या मतलब है। उनका यह मतलब नहीं था कि चैनल न बानई जाए ओर चैनल की कोई जरूरत नहीं है। (ाोर एवं विघ्न)

श्री अध्यक्षः चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी आप भी एडवोकेट हैं और मैं भी एडवोकेट हूं। आपने भी सुना होगा। बे ाक उनका मतलब यह नहीं था लेकिन उन्होंने यह कहा था कि एस.वाई.एल. बनाने की क्या जरूरत है। (ाोर एवं विघ्न)

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, आप रिकार्ड चैक कर लें। (ाोर एवं विघ्न)

श्री अध्यक्षः रिकार्ड तो मैं चैक कर लूंगा। (ाोर)

श्री निर्मल सिंहः अध्यक्ष महोदय, चोधरी देवल लाल जी श्री प्रका ा सिंह बादल के साथ यह तालमेल किए हुए हैं कि एस. वाई.एल. नहर को खोदने दिया जाए। (ाोर)

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, आप माननीय सदस्य को समझााएं कि ये हाउस में गलत बयानी न करें। (ाोर)

श्री निर्मल सिंहः अध्यक्ष महोदय, चौधीर देवी लाल जी ने यह कहा कि एस.वाई.एल नहर खोदने के लिए एक करोड़ रूपया मैंने दिया था। अगर उन्होंने एस.वाई.एल नहर खोदने के लिए एक करोड रूपया मंजूर किया था तो यह आज कैसे कह दिया कि उस नहर को बगैर खोदे पानी लाया जा सकता है। एक तरफ तो चौधरी देवी लाल जी कहते है कि उस नहर को खोदने के लिए मैंने एक करोड़ रूपय दिया था और दूसरी तरफ से वे नहर को न खोदनै के लिए श्री प्रका ा सिंह बाद के साथ तालमेल किए हुए हैं। (ाोर एवं विघ्न)

श्री राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, चौधरी देवी लाल जी ने तो यह कहा था कि जो 3.5 एम.ए.एफ. पानी हरियाणा को मिल रहा है उसके लिए नहर की जरूरत नहीं है। (ाोर)

राजस्व मंत्री (चौधरी फूल चन्द): स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। अगर पर्सनल एक्सप्लेने ान देनी है तो चौधरी देवी लाल जी दें। उनकी पार्टी के मैम्बरों को बोलने की क्या जरूरत है ? (ाोर)

सहकारिता मंत्री (चौधरी बीरेन्द्र सिंह): स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। स्पीकर साहब, दरअसल बात यह है कि चौधरी देवी लाल जी के सबसे नजदीक मैं हूं। मैंने उनकी सारी बात सुनी थी। ये लोग उनकी बात को क्लीयर करके उनकी लीडरि ाप को खतरा पैदा करना चाहते हैं। (ाोर)

श्री निर्मल सिंह: इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि एक तरफ तो चौधरी देवी लाल जी कहते हैं कि एस.वाई.एल. नहर के खोदने के लिए मैंने एक करोड़ रूपया दिया था और दूसरी तरफ वेउस नहर को न खोदने के लिए श्री प्रका ा सिंह बादल के साथ तालमेल किए हुए हैं और नहर रोका मोर्चे को स्पोर्ट करते हैं। अध्यक्ष महोदय, एस.वाई.एल. नहर के न खुदने के कारण 1977 से 1980 तक किसानों को जो सैटबैक लगा है वह लोकदल के लोगों ने लगाया हैं। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा सरकार अगले पांच सालों में किसानो के हित के लिए एक हजार करोड रूपया दे रही है। एक डिवैल्पमैंटल स्टेट के लिए यह भी जरूरी है कि टैकस लगाए जाएं या बढाए जाएं। लेकिन मैं सरकार का ध्यान इस बिल की क्लाज 2 की तरफ दिलाना चाहता हूं जिसके जरिए टैक्स बढाया जा रहा है। इस टैक्स के बढने से

इसका किसानों पर असर पडेगा। हरियाणा के किसान कहत और ओला वृश्टि के कारण पहले ही बहुत दुखी है। इसलिए मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि सरकार किसानों की तरफ पूरा ध्यान दें। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं।

श्री राम बिलास भार्मा (महेन्द्रगढ़): अध्यक्ष महोदय, माननीय नेता डा. मंगल सैन जी ने जो प्रस्ताव राज्यपाल महोदय के आर्डिनैस के विरोध में पे ा किया है मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। स्पीकर साहब, यह सदन हरियाणा की जनता के हितों की रक्षा करने के लिए और उनकी वफादारी के लिए समझा जाता है। अध्यक्ष महोदय, सनकार की अपनी रिपोर्ट होती है जो रेवेन्यू डिपार्टमैंट से इकट्ठी करवाते है। उसमें 85, 75 और 60 परसैंट खर्चा दिखाया है। यह सरकार के रिकार्ड के मुताबिक साबित होता है कि रेवेन्यू का 60 परसैंट किसानों पर खर्च किया जाता है। ऐसे मौके पर जबकि विधान सभा के सै ान की तारीख मुकरर्र हो चुकी थी उसक बावजूद भी इन्हौंने राज्यपाल महोदय से आर्डिनैंस जारी करवा दिया। जब सै न की तारीख मुकरर्र हो जाए तो उसके बाद आर्डिनैंस जारी करने का कोई औचित्य नहीं है तथा सरकार सीधे तौर पर बिल सदन में ला सकती हैं। अध्यक्ष महोदय, जैसे डा. मंगल सैन जी ने कहा है कई बार सरकार भूल जाती हैं। जैसे गवर्नर साहब ने हमें 22 तारीख को 24 तारीख को आने के लिए कहा परन्तु उससे पहले ही

उन्होंने चौधरी भजन लाल जी को मुख्य मंत्री बना दिया। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा के सिानों के साथ, मजदूरों और गरीब लोगों के साथ उनको बिजली न दे करके बड़ा भारी अन्याय किया जा रहा है। किसानों को समय पर बिजली न मिलने के कारण उनकी मौजूदा फसल तो खराब हो चुकी है और अगली फसल की भी बिजली की सप्लाई के बिना बिजाई नहीं हो सकती। हरियाणा की बिजली एि ायाई खेलों में चली जाएगी और जो बाकी रहेगी वह 35 चेयरमैनों और मंत्रियों के कमरे ठण्डे करने में चली जाएगी लेकिन इस सरकार को किसानों की फसल की कोई चिन्ता नहीं है। जो लोग चौधरी भजन लाल जी के नेतृत्व में सरकार चला रहे हैं वे अपने मंत्रियों की तनख्वाहें बढ़ाने के लिए मांग कर रहे हैं लेकिन उनको किसानों की कोई चिन्ता नहीं है। इनके 35 चेयरमैनों और मंत्रियों के पास सरकारी गाडियां है। उनके बारे में अभी मेरे से थोड़ी देर पहले बोलने वाले मेरे साथी चौधरी भागी राम जी ने कहा था कि इन लोगों की गाडियां मार्किट से माचिस और प ाुओं के लिए चारा लेने के लिए जाती हैं। मेरे पास दो गाडियों के नम्बर हैं एच.वाई.ए. 28 और 39 जोकि चारा लेने के लिए जाती है। उनको देख कर लोग कहते हैं कि यह हरियाणा सरकार जा रही है। स्पीकर साहब, आज हरियाणा प्रदे ा की सारी पूंजी को बर्बाद किया जा रहा है। स्पीकर साहब, यदि टैकसों की चोरी को रोक लिया जाये तो टैक्स बढ़ाने की जरूरत ही नहीं है। आज हिन्दुस्तान के किसी भी कोने में पैट्रोल और डीजल के भाव नहीं बढ़े जबकि हरियाणा के अन्दर आज की सरकार ने इनके भाव

बढ़ा दिए है। स्पीकर साहब, हमें अपने प्रदे ा के लोगों की समस्याओं की भी चिन्ता करनी चाहिए। उन पर नाजायत वजन नहीं डालना चाहिए।

श्रीमति भाकुन्तला भगवाड़िया: स्पीकर साहब, 39 नं. गाड़ी मेरी है। अभी माननीय सदस्य ने कहा है कि 39 नं. गाड़ी के अन्दर चारा वगकैरा लाया जाता हैं जबकि मेरे पास कोई भी प ाु नहीं है। इनको इस तरह की बात नहीं कहनी चाहिए।

श्री राम बिलास भार्मा: बहन जी मेरी मन्ा ाा आपके प्रति कुछ कहने की नहीं है। यदि ऐसी बात हैं तो मैं अपनी बात वापस लेता हूं।

चौधरी वेदपाल: स्पीकर साहब, 28 नं. गाड़ी का भी जिक्र किया गया है। यह मेरी गाड़ी का नं. है। मेरे पास भी न कोई भैंस न कोई गाय है। इसलिए उसमें चारा आदि लाने का कोई प्र न पैदा नहीं होता।

श्री राम बिलास भार्मा: स्पीकर साहब, मैं स्पे ाली इन गाड़ियों क बारे में नहीं कह रहा था। मैं तो एक जनरल बात कह रहा था। मेरा कहने का अभिप्राय यह है कि सरकार को इन बातों का ध्यान रखना चाहिए। आज के मुख्यमंत्री किस तरह बने हैं यह तो सभी को मालूम है। मुख्य मंत्री बनने के लिए इनके पास टैक्नीकल प्वायंटस हैं। लेकन आप मुख्य मंत्री हमे ाा नहीं रह सकते। आपको मुख्य मंत्री होने के साथ साथ जनता का सेवक हो

कर जनता की सेवा करनी चाहिए। आज हरियाणाके किसी भी कारखाने के अन्दर उत्पादन नहीं बढ़ रहा। डेयरी डिल्वैपमैंट में 39 लाख रूपये का घाटा है। इसी प्रकार से हमारी जो दूसरी संस्थाएं हैं वे सभी की सभी घाटे में जा रही है। किसी भी संस्था में मुनाफा नहीं है। सरकार को इन संस्थाओं के बारे में गम्भीर रूप से सोच विचार करना चाहिए। सरकार को इन संस्थाओं को घाटे से निकालने के लिए कोई नीति निर्धारित करनी चाहिए। जब भी इनकों पैसे की जरूरत पड़ती है तो लोगों पर टैक्स बढ़ा देत है ो ठीक बात नहीं है। स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि इस तरह के नाजयज टैक्स गरीब लोगों पर न डाले जाएं। स्पीकर साहब, एक तरफ तो सरकार टैक्स के जरिए पैसा बढ़ा रही है लेकिन दूसरी तरफ उसका रख रखाव ठीक नहीं रखा जा रहा। मेरी सरकार से रिकवैस्ट है कि वह अपने सभी डिपार्टमैंटस पर चैक रखें ताकि पैसे की फिजूलखर्ची न हो सके। मेरी मुख्य मंत्री जी से भी प्रार्थना है कि वह आनी मंत्री परिशद को छोटा करें। अन्त में मैं जो प्रस्ताव डा. मंगल सैन जी की ओर से हाउस में रखा गया है उसका पुरजोर समर्थन करते हुए तथा जो प्रस्ताव सरकार की तरफ से उसाक पुरजोर विरोध करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, यह जो बिल हाउस में लाया गया है। यह सारे प्रदे ा की तरक्की के लिए लाया गया है किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं लाया गया है।

इस बात को सभी जानते है कि जिस प्रदे ा के अन्दर नए नए प्रोजैक्ट लगाये जा रहे हों उसे पेसे की आव यकता होती है। यदि उस पैसे को इकट्ठा करने के लिए मामूली मात्रा मं टैक्स जनता पर डाल दिया जाये तो कोई बड़ी बात नहीं है। जो पैसा हम टैक्स के लिए जरिए इकट्ठा कर रहे हैं या करेंगे, उससे किसानों के हित के लिए तथा हरियााणा प्रदे ा की जनता के हित के लिए ही काम करना है। डा. मंगल सैन ने एक बात और कही कि जब सै ान आ रहा था तो आडिनैंस करने की क्या आव यकता थी ? अध्यक्ष महोदय, आप जानते है कि जब ऐक्ट बनता है तो उसे सर्कुलेट भी करना होता है। इस बात को भी सभी साथी जानते हैं कि जब किसी ऐक्ट को बनाया जाताहै तो उसको न जाने कितने हाथों में से निकलना होता है। यदि वह लीकेज हो जाये तो उससे कई उद्योगपति या दुकानदार काफी फायदा उठा सकते है। इसलिए लीकेज न हो, इस बात की तरफ भी ध्यान देना होता है। हमने जो डीजल और पैट्रोल के भाव बढत्राए हैं वे दूसरी स्टेटों से कम ही भाव पर बढ़ायें है। मैं आपको साथ लगते प्रान्तों के भाव बता देता हूं। दिल्ली के अन्दर पैट्रोल का भाव 6 रूपये 60 पैसे प्रति लीटर है। हम 7 प्रति ात रेट बढ़ाने की कह रहे हैं जबकित वास्तविक रूप से 6 प्रति ात ही बढ़ाया है। इस 6 प्रति ात सेल्ज टैकस से हरियाणा में पैट्रोल 6 रूपये 60 पैसे प्रति लीटर होगा। यू.पी. के अन्दर 6 यपये 18 पैसे है और राजस्थान के अन्दर 6रूपये 58 पैसे है। इसलिए इस टैक्स के लगाये जाने के बावजूद भी हमारे यहां पर पैट्रोल के भाव

दूसरी स्टेटों से कम है। इसी प्रकार से डीजल का भाव पहले 2रूपये 96 पैसे प्रति लीटर था, अब टैक्स लगाने से डीजल का भाव 3 रूपये 2 पैसे हो जायेगा। दिल्ली में डीजल 3 रूपये 12 पैसे है, यू.पी. में 3 रूपये 17 पैसे है और राजस्थान में 3 रूपये 26 पैसे है।

डा. मंगल सैनः पंजाब में क्या रेट हैं ?

चौधरी भजन लालः पंजाब मं 2–3 पैसे कम है लेकिन वे भी बढ़ाने जा रहे है।

डा. मंगल सैनः हिमाचल में क्या भाव है ?

चौधरी भजन लालः हिमाचल मे और भी ज्यादा है ? वहां की बात अलग है। मेरे कहने का तात्पर्य है कि हमारे यहां पर एस.वाई.एल. का मामला है। इस पर 200 करोड़ रूपये की लागत आनी है। इसी प्रकार से नाथपा झाकड़ी प्रौजेक्ट पर 800 करोड़ रूपये खर्च होने है। 1 हजार करोड़ रूपये के करीब इन दोनों प्रोजैक्टस पर खर्च होना है। जो पैसा खर्च होगा वह इस प्रदे ा की जनता के लिए खर्च होगा और किसानों के लिए खर्च होगा। पानी ज्यादा आयेगा ओर बिजली ज्यादा आयेगी तो किसान भाई अपना उत्पादन अधिक बढ़ा सकते है। बिजली ज्यादा होगी तो उद्योग ज्यादा लगेंगे और उत्पादन अधिक बढ़ेगा। यदि इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए थोडे बहुत टैक्स बढ़ा भी दिये जाये तो कोई बड़ी बात नहीं है। जितने भी टैक्स लगाने पड़ते हैं वे

प्रदे ा की जनता के हित के लिए ही लगाने पड़ते है। इन पर माननीय सदस्यों को कोई आपति नहीं होनी चाहिए। यह कहना कि इन टैक्सों से किसान पर ज्यादा वजन बढ़ जायेगा, गलत बात हैं घर के लिए जो बिजली दी जा रही है वह 60 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से घर पड़ती है जबकि किसानों को बिजली 35 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से दी जा रही है। अब जो बिजली की दर बढाइ गइ है उससे जो अन्तर होगा वह भी मैं आपको बता देता हूं। जहां पहले 10 रूपये खर्चे के आते थे अब 14 रूपये आ जायेंगे। जहां पर 14 रूपये आते थे वहां पर 16 रूपये खर्चे के आएंगे और जहां पर 16 रूपये आते थे अब वहां पर 20 रूपये आ जायेंगे। मेरे कहने का मतलब इतना ही है कि जो टैक्स हमने बढ़ाये हैं वे सोच समझकर बढाये हैं। सारी बातों को ध्यान में रखा गया है। ज्यादा टैक्स नहीं बढ़ाये। इसके साथ साथ बिजली बोर्ड ने यह भी सुविधा दी हुई है कि फलैट रेट्स के साथ साथ कोई भी व्यक्ति चाहे तो मोटर लगा सकता है और चाहे तो मीटर लगा सकता है। उसको सारी सुविधा उपलब्ध है। किसी पर कोई पाबंदी नहीं है। फलैट रेट्स की सभी को सुविधा दी गई है। बिजलजी बोर्ड 20 करोड़ रूपये का घाटा प्रति वर्श उठा रहा है। बहन चन्द्रावती, आर्य साहब, वीरेन्द्र सिंह जी तथा दूसरे साथी सरकारों में रहे हैं। उन्हें पता है कि सरकार को किस तरह काम करना पड़ता है।

आवाजें: चोरी बहुत बढ़ रही है।

चौधरी भजन लालः आप सभी सरकारों में रहे है। आप अपना हिसाब निकाल लें और हमारा हिसाब देख लें। उस समय के मुकाबले में अब बिजली की कम चोरी हो रही है। मैं यह बात मानता हूं कि चोरी हो रही है। यह नहीं कह रहा कि चोरी बिल्कुल हो ही नहीं रही। हमने इस चोरी कीा रोकने के लिए कदम उठाये हैं। किसी तरह बिजली की चोरी न हो उसके एिल सैल भी स्थापित किए गए है। उनमें ईमानदार आफिसर लगाये गए हैं। फरीदाबाद के अन्दर जहां पर चोरी अधिक होती थी उसको रोकने के लिए भी हमने वि ोश दस्ते नियुक्त किए हैं और ईमानदार आफिसर्ज की वहां पर ड्यूटी लगाई है। चोरी को या कुरप्ान को बिल्कुल तो परमात्मा भी आ जाये, वह भी बंद नहीं कर सकता। (विघ्न) कितनी भी कोि ा ा करो तो भी यह बंद नहीं होगी। (विघ्न) लेकिन हमारी कोि ा ा यह है कि कम से कम चोरी हो ओर लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिले। यह बहुत नौमिनल टैक्स है और इसका असर सिर्फ किसानों पर ही नहीं बल्कि फैक्टरी ओनर्ज और दूसरे वर्गों के लोगों पर भी पड़ेगा। इसलिए मेरी सदन से प्रार्थना है कि इस बिल को पास किया जाए।

Mr. Speaker: Question is:-

That this House disapproves the Punjab Motor Spirit (Taxation of Sales) Haryana Amendment Ordinance, 1982 (Haryana Ordinance No. 3 of 1982)

The motion was lost.

Mr. Speaker: Question is:-

That the Punjab Motor Spirit (Taxation of Sales) Haryana Amendment Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now the House will consider the Bill clause by clause.

Clause 2

Mr. Speaker: Question is:-

That Clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 3

श्री हीरा नन्द आर्य (लोहारू): अध्यक्ष महोदय, पिछले चार सालों में बसों का भाड़ा 60 प्रति ात बढ़ चुका है और इस भाड़े के बढ़ने से मुद्रा, स्फीति को बढ़ावा मिलता है। किसानों का डीजल महंगा हेाता है। उन्हें दूसरी चीजें भी महंगी मिलती है। परिणामस्वरूप उनकी पैदावार भी महंगी हो जाती है। पिछली बार मार्च के सै ान में सरकार ने बिना टैकस का बजट पे ा किया था। हमनेउस समय संदेह व्यक्त किया था कि यह सरकार पीछे के पर्दे से लोगों के ऊपर टैक्स लगाना चाहती है। वह बात आज सामनेआ गई हैं। इसके अलावा इन्होंने इस टैकस को आर्डिनैंस के जरिए लगाया है। जब असैम्बली का सै ान होन जा रहा था तो इन्हें इस टैक्स को आर्डिनैंस के द्वारा नहीं लगाना चाहिए था।

यह एक अप्रजातांत्रिक कदम है। अध्यक्ष महोदय, ये सदन को बताएं कि पिछले चार सालों में मोटर का भाड़ा बार बार बढ़ाने के बावजूद इन्होंने मोटरों में क्या इम्प्रूवमैंट की है ? ट्रांसपोर्ट डिपार्टमैंट में इन्होंने क्या सुधार किया है और लोगों को क्या नई सुविधाएं दी हैं ? अगर कोई सुविधा नहीं दी है तो इन्हें इस टैकस को बढ़ाने का कोई अधिकार नहीं है। मैं चाहूंगा कि इसे ये अब भी वापस ले लें। अध्यक्ष महोदय, इस 100 करोड़ रूपये के टैक्स का गरीब जनता के उपर बहुत बोझ पडेगा। (विघ्न)

आवकारी तथा कराधान मंत्री (श्री बृज मोहन): अध्यक्ष महोदय, इससे 100 करोड़ की नहीं बल्कि 20 करोड़ रूपये की इन्कम होगी। (विघ्न)

श्री हीरा नन्द आर्य: अध्यक्ष महोदय, पिछले दिनों अखबारों में सिनेमाज में सेल्ज टैक्स चोरी की वजह से लगभग 10 लाख रूपये के घपले की बात आई थी। हाउस को इस बारें में बताया जाना चाहिए कि यह बात कहां तक सच है ? (विघ्न) अखबारों में तो यह भी लिखा था कि मुख्य मंत्री जी सम्बन्धित मंत्री का जल्दी ही पता काटने वाले हैं (विघ्न)

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, जहां तक सिनेमाज में सेल्ज टैक्स की चोरी का सम्बन्ध है, इसके एिल तो इन्हें बजाये क्रिटिसाइज करने के लिए मंत्री जी की फराखदिली की दाद देनी चाहिए। इन्होंने खुद मीटिंग करके यह फैसला किया

कि सिनेमाज के टिकटों की बिक्री में जो गड़बड़ होती है उसकी सब जगह चैंकिग करवाई जाए और सबसे पहले इन्होंने अपना सिनेमा चैक करवाया। इसके लिए मैं इनको दाद देता हूं।

अध्यक्ष महोदय, जहां तक बसों का ताललुक है, आप दूसरे प्रान्तों में जाकर देखें और फिर हरियाणा प्रान्त की बसों से मुकाबला करें। हिन्दुस्तान में सबसे बढ़िया बस सर्विस अगर कोई है तो वह हरियाणा प्रान्त की है। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि अगरकोई बस पुरानी हो जाती हे तो उसमें नुक्स भी हो सकते हैं लेकिन फिर भी ब्रेक डाउन सबसे कम हरियाणा प्रान्त की बसों का होता है। माननीय सदस्यों की बात किसी आधार पर कहनी चाहिए। ये यों हो क्रिटिसिजम न करें। ये अगर ठीक बात कहें तो उसका उत्तर भी दिया जा सकता है लेकिन यदि ये यों ही बात कह दें और केवल क्रिटिसिज के लिए। क्रिटिसिजम करें तो वह वाजिब बात नहीं। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, आज से चार साल पहले जिस चैंसी की कीमत डेढ़ लाख रूपये थी उसकी कीमत आज अढाई लाख रूपये है। आप जानते हैं कि जब इन चीजों की कीमतें बढ़ती है तो उसका थोड़ा बहुत खर्चा भी हमें बर्दास्त करना पड़ेगा। सरकार इसे घर से नहीं देगी, क्योंकि सरकार भी तो लोगों की है। अध्यक्ष महोदय, जहां तक टैक्स का ताल्लुक हैं, मैं यह दावे से कहता हूं कियह अब भी हिमालच और दूसरे प्रदे ाों से कम है।

श्री अमीर चन्द मक्कड़: स्पीरक साहब, मैं एक निवदेन करना चाहता हूँ

श्री अध्यक्ष: अब तो मुख्य मंत्री जी जवाब दे चुके हैं।

श्री अमीर चन्द मक्कड़ (हांसी): मैंने केवल एक सुझाव देना है। अध्यक्ष महोदय, मेरी गुजारि ा यह है कि आज तो टैक्सों की चोरी होती है अगर उसे बंद कर दिया जाए तो नए टैक्स लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अभी यहां सिनेमाज में सेल्ज टैक्स चोरी का जिक्र आया। इसके बारे में मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि इनके सिनेमा में यह जो सेल्ज टैक्स का पैसा बचाया जाता था यह मंत्री जी के घर जातात था या वर्कर्ज लोग अपने घर ले जाते थे ? (विघ्न) सरकार दे। चार वर्करों को हटा कर उसकी पूर्ति नहीं कर सकती। चोरी रोकन के लिए मालिकों को सजा दी जानी चाहिए। ऐसे सिनेमाज के लाईसैन्स कैन्सल कर दिये जावें।

वैयक्तिक स्पश्टीकरण

आबकारी तथा कराधान मंत्री द्वारा

आबकारी तथा कराधान मंत्री (श्री बृज मोहन): अध्यक्ष महोदय, मैं पर्सनल एक्सप्लेने ान देना चाहता हूं। अध्यक्ष महोदय, मेरी कथित सिनेमा में कोई दखलअन्दाजी नहीं है। न तो मैं वहां रहता हूं ओर न ही वहां जाता हूं। जहां तक टैक्स की चोरी का सम्बन्ध है, इसके बारे में मैं हाउस को बताना चाहता हूं कि मैंने

स्वयं आफिसर्ज की मीटिंग बुलाई थी और यह फैसला किया था कि सिनेमाज में जो सेल्ज टैकस की चोरी होती है उसक पकड़ा जाना चाहिए। एक दिन में कम से कम 50 सिनेमा घरों पर रेड हुआ होगा और कई सिनेमाज में टैक्स की चोरी पाई गई। अगर मेरे सिनेमा में भी किसी ने कोई गड़बड़ की होगी तो उसको भी सजा मिलेगी।

दि पंजाब मोटर स्पिरिट (टैक्से ान आफ सेल्ज) हरियाणा अमैंडमैंट बिल, 1982 (पुनरारम्भ)

Mr. Speaker: Question is:-

That Clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker: Question is:-

That Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Speaker: Question is:-

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker: Question is:-

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Excise and Taxation Minister (Sh. Brij Mohan): Sir, I beg to move:-

That the Bill be passed.

Mr. Speaker: Motion moved:-

The Bill be passed.

श्रीमति चन्द्रावती (बाढ़ड़ा): स्पीकर साहब, आज हमारे सामने पंजाब मोटर स्पिरिट (बिक्रय कराधान) हरियाणा सं ाोधन विधेयक, 1982 है। यह जो टैक्स बढ़ाने के बारे में बिल है, इसका विरोध करने के लिए मैं खड़ी हुई हूं। आज के दिन हम हर चीज पर टैकस बढाने और कीमत बढाने की बात करते हैं। मैं यह मानती हूं कि मोटर सर्विसीज, साउथ का तो मुझे पता नहीं लेकिन नौर्दर्न स्टेट्स में हरियाणा की मोटर सर्विस अच्छी है। लेकिन जब आप बरसात के दिनों में बस में सफर करें तो आपने देखा हेागा कि सभी बसों की छतें चूती है, छाता ले कर बैठना पड़ता है। किसी भी बस में ऐक्सट्रा टायर नहीं होता। अगर कहीं पर बस खराब हो जाती है यानी टायर फट जाता है तो दो तीन घन्टे तक यात्रियों को रूकना पडता है। मैं यह भी कहूंगी कि बसों के ऐक्सिडैंटस इन्ऐफिसिऐन्सी के कारण ही होते है। जो पुर्जे बसों के

लिए खरीदे जाते हैं वे खराब किस्म के लेते हैं लेकिन उनकी कीमतें ज्यादा देते हैं। खराब पुर्जे होने से वे स्ट्रैस को बरदा त नहीं करते। जब भी कोई ड्राइवर ब्रेक लगाता है, मोड़ता है तो वे पुर्जे स्ट्रैस को बरदा त नहीं करते जिसकी वजह से सैंकड़ों जाने गई है। कितने ही खतरनाक ऐक्सिडैंटस हुए है, उनमें ड्राइवर की भी गलती होती है लेकिन ज्यादातर पुर्जे खराब होने की वजह से ऐक्सिडैंटस होते हैं क्योंकि वे स्ट्रैस बरदा त नहीं कर सकते। सरकार की तरफ से अच्छे पुर्जे नहीं खरीदे जाते हैं और कीमतें ज्यादा दी जाती है। कहा जाता है कि बसों में चोरी होती है लेकिन आपको पता है कि आयर और पार्टस खरीदते वक्त भी चोरी होती है। अगर चोरी बन्द हो जाये तो काफी लाभ हो सकता है। बसों में काफी भीड़ चलती है इसलिए हमें अधिक बसें चलानी चाहिए। आपको यह भी पता है कि चोरी और ऐक्सिडैंटस के मामले मे सबसे पहले कन्डक्टर और ड्राईवर के खिलाफ ऐक ान लिया जाता है। ड्राईवर और कन्डक्टर को सस्पैन्ड और टर्मिनेट किया जाता है लेकिन किसी बड़े अफसर को आज तक किसी मामले में सस्पैन्ड और टर्मिनेट नहीं किया गया।

जहां पर अन काउन्टिड मनी होता है वहां पर हेरफेर बेईमानी अव य होती है। बड़े बड़े अफसर भी बेईमानी करते हैं लेकिन उनके खिलाफ कोई एक ान नहीं होता। जब बड़ा अफसर

बेईमानी करता है तो आप कन्डक्टर से क्या उम्मीद कर सकते हैं कि वह बेईमानी न करे।

जहां तक भीड़ का सम्बन्ध है, वह बहुत ही अधिक मात्रा में बसों में होती है। सवारियां छतों पर बैठ कर जाती है। जब दूसरी बस नहीं होगी तो छतों पर ही बैइ कर जायेंगी। भीड़ को खत्म करने के लिए सरकार को अधिक बसों का प्रबन्ध करना चाहिए या बसों का टाईम ओर ज्यादा बढ़ाना चाहिए। सवारियां छतों पर इसलिए बैठती हैं कि उन्हें दूर दूर जाना होता है। अगर उनकी वह बस निकल जाये तो रात को उन्हें वहीं पड़ा रहना पड़ेगा। भााम के समय भीड़ अधिक मात्रा में होती है। आखिरी बस में 25 परसैन्ट अधिक सवारियां बैठाने की इजाजत होनी चाहिए। दूसरे आप जानते हैं कि हमारा दे ा गर्म है। गर्म दे ा होने के कारण आडीनरी बसों में परदे लगने चाहिए ताकि धूप न लगे। बसों में औरतें और बच्चे भी सफर करते है। धूप में वे पड़े परे ाान होते है। इसलिए आम बसों में भी परदे लगने चाहिए। जहां आप ओर फिजूलखर्ची करते हैं अगर बसों में परदे लगा दिये जाये तो आम व्यक्ति को भी सुविधा हो सकती है। हरियाणा भवन मं दीवारों पर कारपैट लगवाना चाहते हैं लेकिन बसों में परदे नहीं लगवाते। आपको कारपैट लगवाने से पहले भारत के मौसम का भी ख्याल रखना चाहिए था। यहां की कलाइमेंट कैसी है ? यें कारपैट सूट करेंगै या नहीं। अगर आप किसी को ओबलाइज करना चाहते थे और उसके कारपैट खरीदना चाहते थे तो उसे कोई ऐक्सपोर्ट

का लाइसैंस दे देते लेकिन ऐसे दीवारों पर कारपैट लगवाने का क्या लाभ है। आप किसी मिनिस्टर के घर पर कारपेट रखवा देते लेकिन हरियाणा भवन में लगवा कर लोगों को गर्मी से क्यों मार रहे हो। अगर आप किफायत करें तो यह मोटर स्पिरिट ऐक्ट लाने की कोई आव यकता नहीं है। आप खामख्वाह ही लोगों पर टैक्स लगाने जा रहे है। हरियाणा में ट्रांसपोर्ट और बिजली का ऐसा महकमा है जिनमें ईमानदारी से काम हो तो बहुत अधिक बचत हो सकती है। आपको इन दो महकमों से इतनी बचत हो सकती है कि आपको बजट का लगभग 1/2 भाग प्राप्त हो सकता है ब ार्ते कि इनमें चोरी न हो और ईमानदारी से काम हो। इन भाब्दां के साथ मैं इस बिल का विरोध करती हूं।

परिवहन मंत्री (कर्नल रावराम सिंह): स्पीकर साहब, वैसे तो हाउस के सामने बिल दूसरे विभाग का है परन्तु बहिन जी ने ट्रांसपोर्ट विभाग के विशय में कई बातें कहीं हैं इसलिए उनका उततर देना जरूरी है। (श्रीमति चन्द्रावती जी की ओर से विघ्न) बहिन जी जब आप बोल रही थी उस समय मैंने कोई दखलअन्दाजी नहीं की। मैं चुपचाप भाान्ति से आपकी बात सुनता रहा। इसलिए आप बीच में न टोके। आप मरी बात को सुने। आपको बोलने का पहले मौका मिल चुका है, उस समय मैंने आपको बिल्कुल नहीं टोका। स्पीकर साहब, बहिन जी काफी पुरान और तजुर्बेकार मैम्बर है। इन्होंने कुछ बातें प्वायंट आउट की हैं

और कुछ अच्छी सुजैस ांज भी दी है लेकिन काफी बातें इररैलेवैंट कही हैं जिनका इस बिल से कोई सम्बन्ध नहीं है।

इन्होंने ऐक्सिडैंटस की बात कहीं कि पुर्जे पुराने और कमजोर किस्म के लगे हुए होते हैं इसलिए ऐक्सिडैंटस होते है। इन्होंने यह भी कहा कि वे स्ट्रैस को बरदा त नहीं कर सकते। बहिन जी ने कौन सी इन्कवायरी की है कि अच्छे पुर्जे लगे होते। मैंने दो चार इन्कवायरी की हैंकि ऐक्सिडैंटस क्यों होते है। मै। बड़े गौरव के साथ कह सकता हूं कि हरियाणा प्रदे ा में लौयस्ट ऐक्सिडैंटस हुए है। सब प्रदे ाों से कम हुए है। मैं यह बात फैक्ट्स और फिगर्ज के आधार पर बता रहा हूं। जहां तक प्रौफिटेबिलिटी का सवाल है, पिछले दो सालों से हरियाणा रोडवेज लौस में जा रहा है वरना हरियाणा रोडवेज इज दी ओनली पब्लिक अन्डरटेकिंग, जो अब तक प्रौफिट में चलती रही है। सारे दे ा की ट्रान्सपोर्ट अन्डरटेकिग्ज लौस में चल रही है। (विघ्न) चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी ने कहा कि यह तो पुराने टाईम की बात बता रहे हैं। इनका कहने का मतलब यह है कि जब ये आई.पी.एम. होते थे, तब इन बसिज की कन्डी ान अच्छी होगी।

श्री वीरेन्द्र सिंहः जब से नै ानेलाईज हुई हैं तब से ही ट्रान्सपोर्ट की कन्डी ान अच्छी रही है।

कर्नल राव राम सिंहः अच्छा, अच्दी तो तब से ही चली आ रही है लेकिन ऐक्सिडैंटस हमसे ज्यादा होने लगे है। यह तो

बड़े ही ताज्जुब की बात है। ऐक्सिडैंटस का रेट पिछले 5 सालों में हमारा दूसरों के मुकाबला में लोएस्ट है। ओवर काउडिंग की जो बात यहां पर कही गयी हे, मैं उसको स्वीकार करता हूं कि इस वक्त ओवर क्राउडिंग है। उसके बारे में मैं हाउस को यह बताना चाहता हूं कि हमारा फलीट इन्क्रीज हो रहा है। तकरीबन 200 नई बसिज हम इस सल ऐक्सट्रा ऐड कर रहे है। आने वाले दिनों में एि ायाड के खेल भी होने वाले है। हमे उसमें भी कुछ बसिज देनी पड़ सकती हैं। उस वजह से भाायद प्रौब्लम कुछ ऐक्सैन्चुएट हो जायेगी। मैं यह आ ाा करता हूं कि आनरेबल मैम्बर्ज मेरे से बेयर करेंगे कि हरियाणा के लिए यह एक बहुत फख्र की बात है कि हमें 300 बसें इनकमे लिए देनी पड़ेगी जिसकी वजह से ओवरक्राउडिंग की प्रौब्लम ऐक्सैन्चुएट होगी। अन्त में मैं बहिन जी को वि वास दिलाता हूं कि उन्होंने जो सुझाव दिये है ट्रान्सपोर्ट महकमा उन पर पूरा विचार करेगा।

प्रो. सम्पत सिंह (भट्टू कलां): स्पीकर साहब, अभी मुख्य मंत्री जी ने कहा था कि यदि कोई ठोस बात कही जायेगी तो वे उसाक जवाब देंगे। मैं एक दो बातें जो मैं समझता हूं कि काफी ठोस है, कहना चाहता हूं। मेरा और इनका जिला एक ही है। मैं भी इनके ही जिला में रहता हूं। फतेहाबाद से नोहर भाहर जो राजस्थान में पड़ता है वहां पर जाने के लिए एक रैगुलर टाईम जो पिछले 10 सालों से चला आ रहा था वह 8 बजे का था, वह एक प्राइवेट ट्रान्सपोर्ट ओनर को देकर 20 लाख रूपये

साल की जो वहां से कमाई हो रही थी, उसको खारे दिया गया है। उस ट्रान्पोर्ट ओनर का सीधा सरकार से सम्बन्ध है। उसको यह रूट और टाईम देकर सरकार को लगभग 20,00,000 रूपये का नुक्सान हुआ है।

कर्नल राव राम सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। अर इन्होंने कोइ इल्जाम लगाना है तो नोटिस दे ताकि हम उसके बारे में बता भी सकें।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): आप इनको बोलने दो, मेरा अपना जिला है, मैं इसका जवाब अच्छी तरह से दे दूंगा। मुझे इसकी जानकारी है।

प्रो. सम्पत सिंहः आपको पता है कि राजस्थान और हरियाणा साथ साथ लगते हैं और आपस में एक दूसरे के यहां से बसें चलाते है। वहां पर एक बजकर 30 मिनट पर दो ट्रैनज आकर क्रौस करती हैं। हरियाणा और राजस्थान की आपस में रि तेदारियां हैं, इसलिए लोग बहुत इधर उधर जाते आते रहते हैं। उस ट्रेन के कारण से हमारी बस में 100 सवारियां अगर अन्दर होती थी, तो 100 सवारियां ऊपर चढ़ी होती थी। इससे भी सरकार को हर साल 15–20 लाख रूपये की कमाई होती होगी। इन्होंने क्या किया है ? 1.30 टाईम की बजाये अपना टाईम 1.20 का कर दिया और प्राइवेट बस को 1.40 का टाईम दे दिया। इससे भी लगभग 15–20 लाख रूपये की कमाई खो दी हैं

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, मैं एक मिनट के लिए इनकी बातों का जवाब देना चाहता हूं। इन्होंने पिछली 15 तारीख की मन्थली मीटिंग में भी यह सवाल उठाया था। मैंने इस बात का पता करवाया है। आपको पता है हरियाणा में तो तमाम ट्रान्सपोर्ट नै ानेलाइज्ड है। हरियाणा सरकार की तरफ से कोई परमिट नहीं दिया गया है। हो सकता है राजस्थान सरकार की तरफ से कोई परमिट दिया गया है। (व्यवधान व भाोर)

एक आवाजः यह मनी राम मांगरू का परमिट है जो आपका भाई है। (व्यवधान व भाोर)

चौधरी भजन लालः मैं यह बता रहा हूं कि कौन सा रूट किसने आपरेट करना है और कौन सा टाईम कौन आपरेट करेगा, इस बात का फैसला राजस्थान और हरियाणा सरकार के अधिकारीगण बैठकर करते है। साल के बाद, दो साल के बाद और कई बार तीन साल के बाद यह टाईम बदलते रहते है। कहने का मतलब यह है कि कौन से रूट पर कौन से टाईम पर कौन बस चलायेगा, इस बारे में बाकायदा ऐग्रीमैंट होता है। अगर एक बस इस साल हम 8 बजे चलाते हैं तो अगले साल राजस्थान वाले चलायेंगे। (व्यवधान व भाोर) मैंनं इंक्वायरी की है। मैंने बाकायदा इस बात का पता किया है। अगर यह इस बात को साबित कर दें कि हमने किसी एक इंडीविजुअल को फायदा देने के लिए कोई गलत काम किया है तो मैं दोशी को सजा देने के लिए तैयार हूं।

एक आवाजः आप इंक्वायरी करवाइये।

चौधरी भजन लालः मैंने इंक्वायरी करवा ली है। यह मामला इन्होंने 15 तारीख को मन्थली मीटिंग में भी उठाया था, इसलिए मुझे इस बारे में पता है। (व्यवधान व भाोर)

श्री अध्यक्षः जब लीडर आफ दी हाउस बोल रहे हों, मैं सबसे यह रिक्वैस्ट करूंगा कि कोई इन्ट्रप्ट न करें। मैंने सब को टाईम दिया है। इस बारे में सब को पता है कि दोनों स्टेट्स के अफसरान बैठ कर तय करते हैं कि कौन सा रूट और कौन सा टाईम किस स्टेट ने रन करना है। इसलिए ऐसा इल्जाम लगाना अच्छी बात नहीं है।

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, उस आदमी के खिलाफ जिसने इनकी चुनाव में मुखालिफत की हो, इस किस्म की बात कहना बड़ी गलत बात है जबकि सरकार ने कानून के मुताबिक काम किया हुआ है।

श्री अध्यक्षः प्र न है–

कि बिल पास किया जाये।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

बैठक का समय बढाना

श्री अध्यक्षः यदि हाउस की सहमति हो तो हाउस को आधा घंटे के लिये और बढा दिया जाये।

आवाजें: हां जी।

श्री अध्यक्षः बैठक का समय आधा घंटा बढाया जाता है।

दि फरीदाबाद कम्पलैक्स (रैगुले ान एण्ड डिवैल्पमैंट) सैंकिड अमैंडमैंट बिल 1982

Minister of State for Local Government (Shri A.C. Chaudhri): Sir, I beg to introduce the Faridabad Complex (Regulation and Development) Second Amendment Bill, 1982.

Sir, I also beg to move:-

That the Faridabad Complex (Regulation and Development) Second Amendment Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker: Motion moved:-

That the Faridabad Complex (Regulation and Development) Second Amendment Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker: Question is:-

That the Faridabad Complex (Regulation and Development) Second Amendment Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

श्री अध्यक्षः अब सदन पर क्लाज बाई क्लाज विचार करेगा।

क्लाज 2

श्री अध्यक्षः प्र न है:—

कि क्लाज 2 बिल का पार्ट बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज 3

श्री अध्यक्षः प्र न है:—

कि क्लाज 3 बिल का पार्ट बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज 4

श्री अध्यक्षः प्र न है:—

कि क्लाज 4 बिल का पार्ट बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज 1

श्री अध्यक्षः प्र न है:—

कि क्लाज 1 बिल का पार्ट बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

14.00 बजे

अनैक्टिंग फार्मूला

श्री अध्यक्षः प्र न हैः—

कि अनैक्टिंग फार्मूला बिल का अनैक्टिंग फार्मूला हो।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

टाईटल

श्री अध्यक्षः प्र न हैः—

कि टाईटल बिल का टाईटल हो।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

स्थानीय भाासन राज्य मंत्री (श्री ए.सी. चौधरी): मैं प्रस्ताव करता हूंः—

कि बिल पास किया जाए।

श्री अध्यक्षः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआः—

कि बिल पास किया जाए।

श्री अध्यक्षः प्र न है:—

कि बिल पास किया जाए।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री अध्यक्षः अब सदन कल प्रातः 9.30 बजे तक के लिए ऐडजर्न किया जाता है।

14.02 बजे

(तत्प चात सदन बुधवार, 22 सितम्बर, 1982 को प्रातः 9.30 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।)